प्रेस नोट

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी हिस्सा लें लेकिन नशे के खेल से बचें - श्री ताराचंद सारस्वत , विधायक, श्री डूंगरगढ़

एसकेआरएयू में अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

बीकानेर, 22 अक्टूबर। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में मंगलवार को अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीडूंगरगढ़ विधायक श्री ताराचंद सारस्वत ने किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति डॉ अरुण कुमार ने की। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों के मार्च पास्ट को सलामी दी। कुलपति ने खेलों के शुभारंभ की घोषणा की।

समारोह को संबोधित करते हुए श्रीडूंगरगढ़ विधायक श्री ताराचंद सारस्वत ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के साथ साथ फिजिकल एक्टिविटी भी जरूरी है। लिहाजा विद्यार्थी खेलों में हिस्सा लें लेकिन नशे का खेल भी चल रहा है इससे बचें। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। हार जीत ज्यादा मायने नहीं रखती। जीवन में अनुशासन की शुरुआत भी खेलों से ही होती है। श्री सारस्वत ने कहा कि एसकेआरएयू कुलपति डॉ अरुण कुमार के पास दो जिलों का चार्ज है। खूब व्यस्त रहते हैं बावजूद इसके नवाचार करते रहते हैं।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कहा कि खेलों में हार-जीत चलती रहती है लेकिन विद्यार्थियों के बीच खेलों के दौरान मनभेद ना हो। सभी खिलाड़ी ईमानदारी से और नियमानुसार खेलें। रेफरी के निर्णय का सम्मान करें। साथ ही कहा कि अगले साल फरवरी में संभवत एसकेआरयू में इंटर यूनिवर्सिटी खेलों का आयोजन भी हो। वित्त नियंत्रक श्री राजेन्द्र कुमार खत्री ने कहा कि सभी खिलाड़ी अनुशासित होकर खेलों की प्रैक्टिस करें और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। एसकेआरएयू कुलपति डॉ अरुण कुमार विद्यार्थियों से विशेष स्नेह रखते हैं। शिक्षा , खेलकूद, साफ सफाई समेत सभी मुद्दों पर वे विद्यार्थियों के साथ हमेशा खड़े नजर आते हैं। ऐसे कुलपति का होना हम सब के लिए सौभाग्य की बात है।

इससे पूर्व स्वागत भाषण देते हुए छात्र कल्याण निदेशक डॉ एनएस दहिया ने बताया कि 22 से 25 अक्टूबर तक चलने वाले इन खेलों में हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, चांदगोठी (चूरू) और मंडावा (झुंझुनूं) कृषि महाविद्यालय के अलावा आईएबीएम, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय और कृषि महाविद्यालय की टीमें हिस्सा ले रही है। धन्यवाद ज्ञापन खेल सचिव डॉ वी.एस.आचार्य ने किया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री गणेश की वंदना से हुई। अतिथियों का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। मंच संचालन डॉ मंजू राठौड़ व डॉ सुशील कुमार ने किया। कार्यक्रम में अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश , प्रसार निदेशक डॉ पी.एस.शेखावत , भू-सद्दश्यता एवं राजस्व अर्जन निदेशक डॉ दाताराम, डीन पीजी डॉ राजेश कुमार वर्मा, मानव संसाधन निदेशालय निदेशक डॉ दीपाली धवन, वीसी के ओएसडी डॉ योगेश शर्मा, लाइजन ऑफिसर व पूल अधिकारी डॉ वाई.के.सिंह , डॉ शीशराम यादव, समेत विभिन्न कृषि महाविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।